# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति

दक्षिण दिल्ली - I

: संयोजक :

**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन**

मुख्य कार्यालय

भविष्य निधि भवन, 14 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110 066

ई मेल: tolic.epfo@epfindia.gov.in वेबसाईट: epfindia.gov.in दूरभाष:011-26712146

**पत्रांक: कभनिसं/मुख्यालय/नराकास दक्षिण दिल्ली-I/2017** 2837 **दिनांक: 31.08.2017**

01 SEP 2017

**सेवा में,**

**कार्यालय प्रभारी,**
**सभी संबंधित सदस्य कार्यालय,**
**नराकास दक्षिण दिल्ली-I**

**विषय: दिनांक 22.08.2017 को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त।**

**महोदय/ महोदया,**

**केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, मुख्यालय एवं अध्यक्ष नराकास, डॉ. वी.पी. जोय, भा.प्र.से. की अध्यक्षता में दिनांक 22.08.2017 को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवृत्त की प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है।**

**आपसे निवेदन है कि इस कार्यवृत्त में दर्शाई गई मदों पर यथापेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करके अनुपालन रिपोर्ट शीघ्र भेजने का कष्ट करें।**

**(सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित)**

**भवदीय,**

**संलग्नक: यथोपरि।** 31/8/17

**(एन. के. मिश्र)**
**सहायक निदेशक (राजभाषा) सह सदस्य सचिव,**
**नराकास, दक्षिण दिल्ली-I**

**सूचनार्थ प्रति:**

1. **सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय**
2. **निदेशक, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय**
3. **उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय**

का. प्र. 1/9/2017

जारी किया ISSUED

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली-। की दिनांक 22.08.2017 को आयोजित बैठक के कार्यवृत

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली-। की प्रथम छमाही बैठक दिनांक 22.08.2017 को अपराह्न 03:00 बजे नवगठित संयोजक कार्यालय - कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, मुख्यालय, भविष्य निधि भवन, 14 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 के तृतीय मंजिल स्थित सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. वी.पी. जोय, भा.प्र.से., केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वारा की गई । बैठक में श्री प्रमोद कुमार शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन) उत्तरी क्षेत्र-। सहित कुल 42 कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख /प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में शामिल प्रतिनिधियों की जानकारी परिशिष्ट-'।' में दी गई है।

बैठक का प्रारंभ डॉ. वी.पी. जोय, अध्यक्ष, नराकास तथा राजभाषा विभाग के प्रतिनिधि श्री प्रमोद कुमार शर्मा का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। तत्पश्चात् श्री एन.के. मिश्र, सहायक निदेशक (राजभाषा), क.भ.नि.सं. एवं सदस्य सचिव, नराकास द्वारा बैठक में शामिल सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। इसके पश्चात् सभी उपस्थित सदस्यों/ प्रतिनिधियों द्वारा स्वपरिचय दिया गया। बैठक के दौरान, सदस्य सचिव श्री एन.के. मिश्र, सहायक निदेशक (राजभाषा) द्वारा 01.01.2017 से 30.06.2017 तक की सदस्य कार्यालयों से प्राप्त छमाही रिपोर्ट की नोडल कार्यालयों द्वारा की गई समीक्षा पर प्रकाश डाला। सदस्य सचिव जिन नोडल कार्यालयों से समीक्षा प्राप्त नहीं हुई है अनुरोध किया गया कि वे भी समय पर अपने अधीनस्थ सदस्य कार्यालयों की समीक्षा रिपोर्ट भेजें। कार्यालयवार छमाही समीक्षा रिपोर्ट परिशिष्ट-'2' में संलग्न है।

बैठक में उपस्थित हिंदी शिक्षण योजना के प्रतिनिधि श्री जितेन्द्र, सहायक निदेशक ने हिंदी शिक्षण योजना के तहत विभिन्न कार्यक्रमों तथा उसके अंतर्गत प्रोत्साहन योजनाओं के बारे में बताया । इस क्रम में कुछ प्रतिनिधि कार्यालयों ने पारंगत पाठ्यक्रम (हिंदी भाषा प्रशिक्षण) के बारे में जानकारी चाही कि क्या इस पाठ्यक्रम को उतीर्ण करने के पश्चात् कोई एकमुश्त लाभ सरकार द्वारा देय है और क्या इस पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण संविदा पर कर्मचारियों को भी दिया जा सकता है। श्री जितेन्द्र, सहायक निदेशक ने बताया कि इस संबंध में अभी तक कोई आदेश जारी नहीं किया गया है तथा संविदा पर

नियुक्त कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के संबंध में उन्होंने सूचित किया कि यह कार्यक्रम केवल स्थायी कर्मचारियों के लिए है। श्री जितेन्द्र, सहायक निदेशक (हिंदी शिक्षण योजना) ने नराकास के प्रतिनिधियों से अगले सत्र में अपने कार्यालयों से अधिकाधिक संख्या में प्रशिक्षण के लिए नामांकन भेजने की अपील की।

श्री प्रमोद कुमार शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय उत्तरी क्षेत्र-I ने सर्वप्रथम कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, मुख्यालय द्वारा नराकास, दक्षिण दिल्ली-I की प्रथम छमाही बैठक का आयोजन किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नराकास की बैठकों में कार्यालय प्रमुख का भाग लेना अनिवार्य है। उन्होंने इस संबंध में अध्यक्ष महोदय के हस्ताक्षर से सभी सदस्य कार्यालय प्रमुखों के नाम परिपत्र जारी करने का अनुरोध किया। उप निदेशक (कार्यान्वयन) ने छमाही रिपोर्ट की प्रति नोडल कार्यालयों के अतिरिक्त नराकास कार्यालय को भी अवश्य भेजने का अनुरोध किया। श्री प्रमोद कुमार शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन) ने यह जानकारी भी दी कि विज्ञापन एवं प्रचार पर किए जा रहे कुल खर्च का 50% खर्च हिंदी विज्ञापन एवं प्रचार में किए जाने के मानक को हटाते हुए राजभाषा विभाग ने नई व्यवस्था लागू की है, जिसके अंतर्गत अंग्रेजी एवं क्षेत्रीय भाषाओं में दिए जा रहे विज्ञापन इत्यादि अनिवार्य रूप से हिंदी में दिए जाने का प्रावधान किया गया है। उप निदेशक (कार्यान्वयन) ने तिमाही रिपोर्ट के ऑकड़े सही-सही भरे जाने पर जोर दिया। उन्होंने अनुवाद में नई सूचना प्रौद्योगिकी को अपनाने पर बल दिया और यह भी बताया कि ई-शब्दकोश का मोबाइल वर्जन भी विकसित किया जा रहा है । इसके अतिरिक्त बैठक में राजभाषा मंत्रा तथा लीला सॉफ्टवेयर के भाषा प्रशिक्षण तथा हिंदी सीखने में उसकी उपयोगिता पर चर्चा की गई। उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (उत्तरी क्षेत्र-I) ने बताया कि इन तकनीकों की बदौलत अब ई-मेल भी पूर्णतया हिंदी में भेजे जा सकते हैं, जरूरत इनके उपयोग को केवल बढ़ाने की है। उन्होंने बताया कि पारंगत पाठ्यक्रम में सभी कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाना है तथा 'पारंगत' उत्तीर्ण करने पर उन्हें हिंदी में प्रवीणता प्राप्त माना जाएगा। श्रीमती सुधा वर्मा, वरिष्ठ हिंदी अनुवादक, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के हिंदी कार्यशाला संबंधी संशयों को दूर करते हुए उन्होंने बताया कि कार्यरत व्याख्याताओं के लिए वार्षिक मानदेय की सीमा रूपये 5000/- है तथा राजभाषा विभाग ने पहले ही हिंदी कार्यशाला की न्यूनतम अवधि एक दिन तय कर दी है। उन्होंने सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया कि वे अपनी प्रशासनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए न्यूनतम एक दिन की कार्यशाला अवश्य आयोजित करें।

बैठक के दौरान सदस्य कार्यालयों से इच्छुक प्रतिभागियों द्वारा अपने-अपने विचार प्रकट किए गए। प्रतिभागियों ने अपने-अपने कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग में हुई प्रगति का ब्योरा प्रस्तुत किया। बैठक में यह जानकारी भी दी गई कि नई तकनीक के विकास से अनुवाद एवं टंकण कार्य काफी आसान हो गया है तथा इससे समय की भी बचत हो रही है।

तत्पश्चात्, डॉ. वी.पी. जोय, अध्यक्ष, नराकास ने बैठक को संबोधित करते हुए नराकस, दक्षिण दिल्ली-। की प्रथम छमाही बैठक में शामिल सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया तथा राजभाषा हिंदी के उतरोत्तर विकास हेतु नराकास स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्य कार्यालयों से अपना अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करने पर जोर दिया तथा साथ ही उन्होंने उल्लेख किया कि कर्मचारियों को हिंदी में काम करने संबंधी प्रशिक्षण हेतु सभी कार्यालयों द्वारा राजभाषा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामित किया जाना चाहिए एवं इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अधिकाधिक लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों में राजभाषा के प्रति अभिरूचि पैदा करने के लिए सभी सदस्य कार्यालयों से अन्तरकार्यालयी प्रतियोगिताओं का आयोजन करने की अपील की। उन्होंने आहवान किया कि नराकास के प्रत्येक सदस्य कार्यालय द्वारा हिंदी पखवाड़ा के दौरान नराकास स्तर पर एक-एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए। इस संबंध में श्री एम.पी.एस. राठौरिया, उप निदेशक (राजभाषा), कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने बताया कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य कार्यालयों के अधिकारियों / कर्मचारियों हेतु मुख्यालय क.भ.नि.सं. अर्थात् संयोजक कार्यालय द्वारा दिनांक 12.09.2017 को 'अपना हुनर दिखाओ' प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है तथा सभी सदस्य कार्यालयों से आग्रह किया गया कि वे उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अपने कार्यालय से दो प्रतिभागियों को अवश्य नामित करें।

बैठक के दौरान अध्यक्ष महोदय ने हिंदी अनुवाद एवं टंकण में आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल पर जोर दिया और कहा कि वे भी अब सूचना तकनीक के इस्तेमाल से बोलकर हिंदी टंकण कार्य करने में समर्थ हैं। अंत में डॉ. वी.पी. जोय, अध्यक्ष, नराकास ने संवैधानिक दायित्वों का उल्लेख करते हुए हिंदी के विकास के उद्देश्य, प्रयोगशीलता एवं मूल रूप से हिंदी में कार्य करने पर जोर दिया।

हिंदी पखवाड़ा के संबंध में चर्चा करते हुए श्रीमती विभा बिष्ट, कार्यपालक (राजभाषा), सी-डॉट ने बताया कि उनके कार्यालय में हिंदी पखवाड़ा या हिंदी माह नहीं अपितु हिंदी उत्सव के रूप में मनाया जाता है जिसमें उनके कार्यालय का प्रत्येक कर्मचारी कार्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेता है। इसी क्रम में रक्षा संपदा कार्यालय ने बताया कि हिंदी पखवाड़ा में उनके कार्यालय प्रमुख व्यक्तिगत रूचि लेते हुए स्वरचित नाटक का मंचन कराते हैं।

बैठक की समाप्ति श्री एम.पी.एस. राठौरिया, उप निदेशक (राजभाषा) द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव से की गई, जिसमें उन्होंने अध्यक्ष महोदय तथा माननीय सदस्यों से इस तरह के सौहार्दपूर्ण वातावरण में नराकास बैठक में हिंदी के राजकीय प्रयोग की समीक्षा एवं विकास पर विचार-विमर्श के लिए धन्यवाद ज्ञापन अर्पित किया।

वीपीजोय

(डॉ. वी.पी.जोय)
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त/अध्यक्ष
नगर राजभाषा कार्यान्वय समिति, दक्षिण दिल्ली-।

<u>परिशिष्ट-I</u>

<u>नराकास, दक्षिण दिल्ली-I की प्रथम छमाही बैठक में शामिल प्रतिनिधियों की सूची:</u>

| क्र.सं. | सदस्य कार्यालय का नाम | अधिकारी का नाम और पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय कैडेट कोर, हेड ऑफिस, वेस्ट विंग -4, नई दिल्ली - 66 | श्री दिनेश कुमार, उप निदेशक (वित्त एवं राजभाषा) |
| 2. | केन्द्रीय विद्यालय संगठन, मुख्य कार्यालय - शहीद जीतसिंह मार्ग, नई दिल्ली -110016 | श्री राज सिंह यादव |
| 3. | क्षेत्रीय कार्यालय, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, नई दिल्ली | श्री राजीव कुमार, ए डी<br>श्री महेश साह |
| 4. | महानिदेशालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन बल, लोधी रोड, नई दिल्ली -110003 | श्री पवन कुमार शर्मा, सहायक कमांडेंट / इनचार्ज ओएल |
| 5. | नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांट जीनोम रिसर्च, अरुणा आसिफ अली मार्ग, नई दिल्ली -110067 | श्री संदीप दत्ता, प्रबंधक (प्रशासन) |
| 6. | कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली दक्षिण | श्री सुचिन्द्र नाथ, क्षे.भ.नि.आ.-II |
| 7. | नेशनल को-ऑपरेटिव हाउसिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली -110044 | श्री एन.एस. मेहरा, मुख्य कार्यकारी |
| 8. | केन्द्रीय विद्यालय, टैगोर गार्डन, नई दिल्ली -110027 | सुश्री जया लक्ष्मी, प्रिंसिपल |
| 9. | नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लेबर, इकोनॉमिक्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट | श्री अरूप मिश्रा, महानिदेशक |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | हिंदी शिक्षण योजना, आर.के. पुरम, नई दिल्ली -110066 | श्री जितेंद्र कुमार सिंह, सहायक निदेशक |
| 11. | कंप्यूटर केंद्र, सांख्यिकी निदेशालय, आर.के. पुरम, नई दिल्ली | श्रीमती प्रेम लता नारंग, सहायक निदेशक, राजभाषा |
| 12. | रक्षा लेखा के मुख्य नियंत्रक कार्यालय, (बीआरओ), दिल्ली कैन्ट | श्री राजेंद्र कुमार नायक, मुख्य नियंत्रक<br>श्री पुष्काल उपाध्याय, |
| 13. | पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा अकादमी, जनकपुरी, नई दिल्ली | श्री राजेश बंसल, निदेशक,<br>श्री एम.के. श्रीवास्तव, उप निदेशक |
| 14. | राष्ट्रीय अपराध एवं विधि विज्ञान संस्थान गृह मंत्रालय, भारत सरकार | डा. पी.एस. भूषण वरिष्ठ संकाय (कानून प्रवर्तन) |
| 15. | राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, आर.के. पुरम | श्री सुरेंद्र पवार, संयुक्त निदेशक<br>श्रीमती सुधा वर्मा, व.हि.अ. |
| 16. | दिल्ली छावनी परिषद, दिल्ली छावनी | श्री इंद्र सिंह, सलाहकार (राजभाषा)<br>श्री अमित कुमार मिश्रा, हिंदी अधिकारी |
| 17. | केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, उत्तरी खंड मुख्यालय, दिल्ली | श्री राकेश कुमार, उप कमाण्डेंट |
| 18. | दिल्ली विकास प्राधिकरण, विकास सदन, आई.एन.ए., नई दिल्ली | श्री अनिल साहनी, निदेशक<br>श्री सुनील कुमार विज, प्रभारी उप निदेशक (राजभाषा) |
| 19. | सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स, सी-डॉट परिसर, महरौली, नई दिल्ली | श्रीमती विभा बिष्ट, कार्यपालक (राजभाषा) |
| 20. | रक्षा संपदा महानिदेशालय, रक्षा संपदा भवन, दिल्ली छावनी | श्री धनसिंह वर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) |

| | | |
|---|---|---|
| 21. | वस्त्र समिति, नारायणा औद्योगिक क्षेत्र, नई दिल्ली | श्री संदीप कुमार, गु.आ. अधिकारी<br>श्री एस.एस. मोहन, सहायक निदेशक |
| 22. | सीमा शुल्क निवारक, नवीन सीमाशुल्क भवन, दिल्ली | श्री अख्तर रशीद, संयुक्त आयुक्त |
| 23. | विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड, वसंत कुंज, नई दिल्ली | श्रीमती उषा देवी सारस्वत, परामर्शदाता (राजभाषा) |
| 24. | बेतार अनुश्रवण संघटन, संचार मंत्रालय, नई दिल्ली | चिंतामणि, क.हि.अ. |
| 25. | वायुसेना अभिलेख कार्यालय, सुब्रोतो पार्क, नई दिल्ली | श्रीमती वीना अरोरा, वरिष्ठ हि.अ. |
| 26. | केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली | श्रीमती अख्तर परवीन, हिंदी सहायिका<br>श्रीमती प्रेरणा कथूरिया, हिंदी अनुवादक |
| 27. | केन्द्रीय विद्यालय, पुष्प विहार, साकेत, नई दिल्ली | श्री जयपाल सिंह<br>श्री प्रताप कुमार, ए.एस.ओ. |
| 28. | सशस्त्र सेना रक्त आधान केन्द्र, दिल्ली कैंट, दिल्ली | श्री जामलाल |
| 29. | स्थानीय लेखा परीक्षा कार्यालय (कै.भ.वि.) दिल्ली छावनी | श्री अनिल वी. उमेश, व.ले.आ. |
| 30. | राष्ट्रीय श्रम अर्थशास्त्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान, दिल्ली | डॉ. अनिल कुमार यादव, निदेशक |
| 31. | राष्ट्रीय आपदा मोचन बल निदेशालय, लोधी रोड, दिल्ली | श्री सुरेश कुमार, उप निदेशक (यंत्र) |
| 32. | रेल संरक्षा आयोग, चाणक्यपुरी | श्री राजमल खोईवाल, उपायुक्त |
| 33. | एपीड़ा, नई दिल्ली | डॉ. तरूण बजाज, महाप्रबंधक |
| 34. | केन्द्रीय विद्यालय, पश्चिम विहार, नई दिल्ली | श्रीमती साबिरा शोरी, प्राचार्या<br>श्री कुलबीर, अ.श्रे.लि. |
| 35. | सी.सी.आर.ए.एस. जनकपुरी, नई दिल्ली | प्रो. वैद्य के.एस. धीमान, महानिदेशक<br>श्री पंडित कांत मिश्र, हिंदी अधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| 36. | जवाहर नवोदय विद्यालय, जाफरपुर कलां, नई दिल्ली | डॉ. उषा कुमार, प्राचार्या<br>श्री राजेन्द्र प्रसाद, पी.जी.टी, हिंदी |
| 37. | राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान, नई दिल्ली | श्री एस.सी. श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक<br>श्रीमती सुषमा जुनेजा, व.हि.अ. |
| 38. | भारतीय खेल प्राधिकरण, लोधी रोड, नई दिल्ली<br>12 | डॉ. राजीव सरीम, उप निदेशक / प्रभारी राजभाषा |
| 39. | ग्रुप केन्द्र कें.रि.पु.ब., झडौदा कलां, नई दिल्ली | श्री सुधीर कुमार, सुबेदार मेजर /राजभाषा |
| 40. | कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, नई दिल्ली | श्रीमती अनीता कुमारी, सहायक निदेशक |
| 41. | कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बसईदारापुर, नई दिल्ली | श्री सुनीत कुमार, व.हि.अ. |
| 42. | आंकड़ा प्रबंधन निदेशालय, पुष्पा भवन, दिल्ली | श्री राजीव प्रियदर्शी, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी |